नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

महाराणा प्रताप महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

स्थापित 2005 ई.

मो. 7897475917, 9794299451
Website : www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक.............................. . दिनांक : 09.10.2021

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में गृह विज्ञान विभाग द्वारा 09 अक्टूबर को 'मेडिकल टेक्सटाइल' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महायोगी गुरूश्रीगोरक्षनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र, गोरखपुर की गृह वैज्ञानिक डॉ. श्वेता सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मेडिकल टेक्सटाइल वर्तमान समय में लोगों की बढ़ती जरूरतों के साथ एक उभरता क्षेत्र है। यह एक विशेष प्रकार की कपड़ा संरचना होती है जिसका उपयोग मानव शरीर के अन्दर विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया जाता है। उदाहरण के लिए वस्त्रों में सैचर्स, सॉफ्ट टिश्यू इम्प्लांटस, आर्थोपेडिक इम्प्लांटस, कार्डियोवस्कुलर इम्प्लांटस आदि का उपयोग किया जाता है।

उन्होंने यह भी बताया कि कपड़ा प्रौद्योगिकी और चिकित्सा विज्ञान में विकास के परिणाम स्वरूप जिस नये क्षेत्र को आयाम दिया गया है। उसे मेडिकल टेक्सटाइल या मेड–टेक के रूप में जाना जाता है। इस प्रकार के वस्त्रों का प्रयोग सर्जिकल मास्क, अस्पताल की चादरें, सर्जिकल धागे, कृत्रिम हड्डियाँ, लिगामेंट्स, कृत्रिम किडनी एवं लीवर प्रत्यारोपण के लिए स्मार्ट वस्त्रों का प्रयोग मेडिकल टेक्सटाइल के अन्तर्गत होता है जो कि चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए अस्पताल में मरीजों का इलाज करते समय वार्डों को सुरक्षात्मक उपकरणों से लैस करने के लिए किया जाता है इसमें गैर–विषाक्त, गैर–कैंसरजन्य आदि सुरक्षात्मक गुण होते हैं।

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में गृह विज्ञान की सहायक आचार्य सुश्री शारदा रानी ने मुख्य वक्ता एवं अतिथि का आभार ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री स्मिता दूबे ने तथा संयोजन डॉ. सांत्वना श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर गृह विज्ञान विभाग की सभी छात्राएं तथा विभाग की सहायक आचार्य डॉ. नेहा कौशिक एवं सुश्री रीतिका त्रिपाठी उपस्थित रहीं।

ASingh

डॉ. अभिषेक सिंह
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी